Title: Requested to establish factories in the non-industrial areas in Bihar, to provide employment opportunities to the youngsters and to provide irrigation facilities to protect the state from terrorism and extremism

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : सभापति महोदय, आपने मुझे समय दिया, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। बिहार राज्य में भोजपुर, रोहतास, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद और जहानाबाद आदि उद्योग विहीन जिले हैं। बिहार राज्य से झारखंड निकालने के बाद इन जिलों की आबादी करीब एक करोड़ है। यहां के पढ़े-लिखे नौजवान किसान के बेटे हैं। यह कृि आधारित इलाका है। वहां के युवकों को कोई रोजगार मुहैय्या नहीं होता है। वे भूख से मारे-मारे फिरते हैं। इससे वे गलत रास्ते की ओर चले जाते हैं। इस इलाके में उग्रवाद और एम.सी.सी. का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। किसानों को खेती के लिए समुचित पानी नहीं मिलता। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि वहां छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए, जो पढ़े-लिखे नौजवान हैं, उनको रोजगार दिया जाए और सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए ताकि एम.सी.सी. और उग्रवाद के प्रभाव से इस जिले को मुक्त किया जा सके।